पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने चौथे युवा फिल्म समारोह का उद्घाटन किया

लखनऊः 10 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज आइनाक्स में चौथे युवा फिल्म समारोह का उद्घाटन किया। समारोह का आयोजन नेशनल यूथ फेडरेशन द्वारा किया गया था। इस अवसर पर पूर्व मंत्री, श्री लालजी टण्डन, संस्था के संयोजक, श्री विभूति रमण आचार्य सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि यह संयोग की बात है कि फिल्म समारोह का उद्घाटन 10 मई को किया जा रहा है। 10 मई, 1857 को देश की आजादी की लड़ाई की शुरूआत हुयी थी। आज के दिन युवा फिल्म समारोह का उद्घाटन सुखद संयोग है। उन्होंने इस अवसर पर देश की आजादी के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री नाईक ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। विदेशों में भारत के युवा देश का नाम रोशन कर रहे हैं। युवा शक्ति एवं क्षमता का उपयोग देश के हित में करने के लिए प्रयास करना चाहिए। सिनेमा जगत की अपनी एक ताकत है। उस ताकत को देश की प्रगति के लिए कैसे उपयोग किया जाय यह महत्व का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि फिल्मों के माध्यम से समाज में ऐसा संदेश जाना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी का उचित मार्गदर्शन हो।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री, श्री लालजी टण्डन सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर 'बेग्र फुट टू गोआ' फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

INOX

kinley